महत्वपूर्ण एवं खास

कमरे में रखी चिमनी से जली युवती, आग बुझाते पति भी झुलसा

पति-पत्नी को डॉयल 112 स्टाफ ने पहुंचाया अस्पताल

रायगढ़। आज दोपहर 2 बजे सारंगढ़ राइनो को ग्राम ठाकुरपाली में आगजनी के इवेंट पर रवाना किया गया । जहां ग्राम ठाकुरपाली में रहने वाली नीलम श्रीवास पति दिगंबर श्रीवास उम्र 25 वर्ष घर के कमरे में दीवाल ऊपर रखी जलती चिमनी के गिरने से उसके कपडो में आग लग गई थी जिसे बुझाते हुए उसका पति दिगंबर श्रीवास भी आग में झुलस गया था । घटना की जानकारी मिलने पर डायल 112 आरक्षक शशिकांत चौहान और मुकेशचंद्र ईआरव्ही वाहन के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों आहतों को सीएचसी सारंगढ़ में ले जाकर भर्ती कराए ।

एक साल से फरार स्थाई वारंटी पकड़ाया

रायगढ़। पिछले 1 साल से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में खरसिया पुलिस ने सफलता हासिल की है।सोहन थापा वल्द रतन बहादुर थापा को गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायालय में प्रस्तुत किया । पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोहन थापा वल्द रतन बहादुर थापा उम्र 23 वर्ष निवासी अटल आवास खरसिया के खिलाफ धारा 324, 34 आईपीसी का प्रकरण न्यायालय में चल रहा है जिसमें वह फरार बना हुआ था।उसके खिलाफ न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती तनुश्री गवेल ने स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी किया हुआ था। चौकी प्रभारी जयसिंह खुंटे के दिशा निर्देश पर प्रधान आरक्षक अशोक कुमार देवांगन आरक्षक महेश चौहान, डमरु पटेल एवं कीर्ति सिदार की टीम ने मुखबिर की सूचना पर उसे धर दबोचा। सोहन थापा पिता रतन बहादुर थापा को गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अवैध शराब के साथ बाइक सवार दो युवक पकड़ाए

रायपुर (आरएनएस)। उरला थाना पुलिस ने बजरंग नगर बीरगांव में बाइक से अवैध रूप से 20 पाव शराब ले जा रहे दो युवको को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में ओमप्रकाश साहू पिता रामकुमार 32 वर्ष एवं शिवराम निषाद पिता विशाल 38 वर्ष है। दोनों बीरगांव के निवासी है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

आंधी तूफान ने जमकर मचाई तबाही

» शहर सहित 40 गांव देर रात से अंधेरे में » पीने के पानी को तरसे लोग, गर्मी से भी हुए परेशान

रायगढ़। कल शाम अचानक तेज आधी तूफान के बाद हुई भारी बारिश ने रायगढ़ शहर सहित जिले के कई इलाकों में भयंकर तबाही मचाते हुए विद्युत व्यवस्था को पूरी तरह तहस-नहस कर दिया है। जिसके चलते कल शाम से ही रायगढ़ शहर सहित जिले के करीब 40 गांव में अघोशित ब्लैक आउट हो गया है। अचानक ठप्प हुई बिजली व्यवस्था से रायगढ़ नगर निगम के करीब 15 वार्डो में रहने वाले पेयजल समस्या से जूझते रहे वहीं भारी गर्मी में बिजली नही होनें से लोग हलाकान रहे। तेज बारिश के बाद भारी तूफान ने शहर सहित आसपास के इलाको में 50 से अधिक पेडो के गिरने से बिजली खंबे क्षतिग्रस्त हो गए। इतना ही नही बारिश के दौरान ट्रांसफार्मर व इंसुलेटर में बिजली गिरने से भस्ट हो गए और देखते ही देखते शहर सहित जिले के घरघोड़ा, तमनार, सारंगढ़, पुसौर के दो दर्जन से भी अधिक गांव में विद्युत सप्लाई पूरी तरह ठप्प हो गई है। विद्युत विभाग के अधीक्षण यंत्री बीएल वर्मा का का कहना है कि व्यवस्था को

सुधारने के लिए दो दिन लगेंगे चूंकि बडे पैमाने पर खंबे तथा ट्रांसफार्मर के अलावा इंसुलेटर फटने से यह गड़बडी हुई है और सुधारने के लिए अलग-अलग टीम देर रात से ही लगी हुई है। अधिकारी का कहना है कि इस आंधी तूफान से विद्युत विभाग को भारी क्षति हुई है।

पूर्वांचल में पिछले 24 घंटे से विद्युत आपूर्ति बहाल नही हो सकी

रायगढ़ पूर्वी अंचल के लोइंग व संबलपुरी फीडर में पिछले24 घंटे से अभी तक विद्युत आपूर्ति बहाल नही हो सका है । विद्युत के अभाव में पीने के पानी की किल्लत तो हुई है भारी उमस के कारण भी लोग हलाकान है ।महापल्ली लोइंग जामगांव संबलपुरी तिलगा ,भगोरा क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बहाल देर रात तक होने की बात कही जा रही है ।विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता गुंजन शर्मा ने बताया कि सम्बलपुरी फीडर में लगभग 55 पोल टूट गया है वही लोइंग फीडर के तहत लगभग30 पोल टूटे हुए हैं जिसकी मरम्मत की जा रही है । विद्युत व्यवस्था बहाल करने के लिए स्थानीय ग्रामीण भी मदद कर रहे हैं । पेडों की कटाई कर खम्बे गाड़े जा रहे हैं तार भी खींचने की मदद ग्रामीण विद्युत विभाग के कर्मचारियों के साथ कर रहे हैं । महापल्ली में पीने के पानी की समस्या पिछले 2 माह से चली आ रही है ।जलस्तर निचे चले जाने के कारण भी पानी सप्लाई तो हो रही है लेकिन पूरे बस्ती केलिए कमी हो गई है

अपने ही खोदे गड्ढे में निगम का टैंकर पलटा

रायगढ़। हनुमान मंदिर मधुबन पारा के एक गड्ढे में नगर निगम का टैंकर उलट गया। दरअसल यहां नाली के गड्ढे को बंद करने के लिए मोहल्ले वासी लगातार निगम से माँग करते रहे लेकिन निगम के अधिकारी कर्मचारियों के कान में जूं तक नही रेंगा नतिजा यह हुवा की आज सुबह उसी गड्ढे में निगम का एक पानी टेंकर कुछ इस तरह उलझा की ट्रेक्टर तो फंसा ही टेंकर भी वही पलट गया। अब लोग कहने लगे है कि गलत मंशा से जो दूसरों के लिए गड्ढा खोदता वह उसी में गिरता है आज वही कहावत निगम के उपर चरितार्थ हो गई।

दरअसल लंबे समय से यहां जानलेवा गड्ढे को बंद करने की मांग की जा रही थी बताया जा रहा है कि आज सुबह पानी की आपूर्ति के लिए टेंकर लाया जा रहा था जो इसी गड्ढे में जा घुसा और इंजन तो फंसा ही पानी का टेंकर भी पलट गया।

ग्राम रेगड़ा में चक्रधरनगर पुलिस ने लगाया चलित थाना

रायगढ़। चक्रधरनगर पुलिस ने आज हमर गांव हमर पुलिस के बैनर तले ग्राम रेगडा में चलित थाना लगाया गया । चलित थाना में थाना चक्रधरनगर से उप निरीक्षक एम.डी. जायसवाल, प्रधान आरक्षक लक्ष्मीकांत जायसवाल व स्टाफ मौजूद थे। चलित थाना में गांव के रहवासियों से उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर उन्हें साइबर अपराध एवं ठगी करने वाले से सर्तक रहने की समझाइश दी गई एवं पुलिस के कार्यो में सहयोग करने की अपील किया गया। इसके साथ ही गांव में ग्राम रक्षा समिति का गठन किया गया है ।

रायगढ़ स्टेडियम को सर्वसुविधायुक्त बनाने की कवायद

» कलेक्टर भेजेंगे खेल एकाडमी का प्रस्ताव

रायगढ़। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले का सबसे बड़ा स्टेडियम जल्द ही जिले के खिलाड़ियों के लिए सर्व सुविधायुक्त करने की तैयारी शुरू हो गई है। इस स्टेडियम में खेल एकाडमी का निर्माण करने के लिए कलेक्टर ने राज्य शासन को प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया है। स्टेडियम में खेल एकाडमी शुरू होनें से यहां खिलाड़ियो को बेहतर सुविधाएं मिलेगी। साथ ही साथ हर खेल के कोच भी उपलब्ध रहेगे जिससे राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय खिलाडी तो यहां से निकलेंगे ही चूंकि लंबे समय से इस स्टेडियम में खेल सुविधाओं का अभाव है और इसके लिए खुद आगे आकर कलेक्टर ने यहां खेल एकाडमी शुरू करने के लिए एक प्रस्ताव बनाया है। जिले के खिलाड़ियों की मानें तो सबसे बडा स्टेडियम होनें के बावजूद यहां आने वाले खिलाड़ियों को न तो बेहतर कोच मिलते है और न ही कोई बडी सुविधा जिससे खिलाड़ियों को काफी निराशा हाथ लगती है। उनका कहना है कि अगर यहां खेल एकाडमी शुरू हो जाती है तो खिलाड़ियों

को बेहतर प्रदर्शन दिखाने का न केवल मौका मिलेगा, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ी जा सकते हैं। वहीं कलेक्टर यशवंत कुमार ने भी इस बात को माना कि यहां के स्टेडियम में काफी कुछ संभावनाएं है और इसलिए खेल एकाडमी बनाकर खिलाड़ियों को बेहतर माहौल देने की कोशिश की जाएगी और इसका प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा जाएगा। वो कहते हैं कि खेलो इंडिया खेलो में भी यहां के खिलाड़ियो को मौका मिले इसके लिए भी कोशिश जारी है। बातचीत के दौरान कलेक्टर ने बताया कि स्टेडियम में कोच का वेतन बढा दिया गया है और आगे अन्य सुविधाओं को भी खिलाड़ियों को देने के लिए पहल की जा रही है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं ग्वर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में तमाम सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कर्मचारता का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480